भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3553
10 दिसम्बर, 2019 को उत्तर देने के लिए

कृषि प्रसंस्करण संकुल योजना की स्थापना

3553. श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कृषि प्रसंस्करण संकुल योजना, जिसका लक्ष्य आधुनिक अवसंरचना सहित सुसज्जित आपूर्ति-श्रृंखला के माध्यम से उत्पादकों/कृषकों के समूहों को प्रसंस्कारकों और बाजारों से जोड़ते हुए संकुल-पद्धति के आधार पर खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना करना है, हेतु चालू वित्त वर्ष के दौरान कुल कितना बजट आबंटित किया गया है;

(ख) विगत वित्त वर्ष में इस योजना के अन्तर्गत तेलंगाना सहित राज्य-वार कुल कितनी धनराशि का उपयोग किया गया है;

(ग) क्या सरकार की देश में ऐसे संकुलों की संख्या में वृद्धि करने की योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क): कृषि-प्रसंस्करण क्लस्टर अवसंरचना सृजन स्कीम के लिए वर्ष 2019-20 के बजट में 48.75 करोड़ रुपए आबंटित किए गए हैं ।

(ख): स्कीम के अंतर्गत निधि आबंटन राज्य-वार नहीं किया जाता है । वर्ष 2018-19 में कुल 22.50 करोड़ रुपए का उपयोग किया गया । तेलंगाना राज्य में अनुमोदित की गई परियोजना को अब तक कोई निधि जारी नहीं की गई है ।

(ग): जी हां ।

(घ): आज की तारीख में 44 कृषि-प्रसंस्करण क्लस्टर कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं । स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार, कृषि-प्रसंस्करण क्लस्टरों की स्थापना करने के इच्छुक भावी निवेशकों/उद्यमियों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अधिक प्रस्ताव भेजने के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) भी 29 फरवरी, 2020 तक खुली हुई है ।

*****